
## व्यापारियों और डेली विजीटर्स की पहली पसंद बनी मल्टी पार्किंग

**इन स्थानों पर बनी है मल्टीलेवल पार्किंग**

**भंवरताल**- कार पार्किंग की क्षमता 100 बनाने में आई लागत 7 करोड़ रुपए
**सिविक सेंटर**- कार पार्किंग की क्षमता 87 बनाने में आई लागत 6 करोड़ रुपए
**मानस भवन राइट टाउन**- कार पार्किंग की क्षमता 37 बनाने में आई लागत 2 करोड़ रुपए

**कुछ ऐसा है पार्किंग शुल्क का हिसाब**
4 घंटे का शुल्क 30 रुपए जिसके बाद हर घंटे 10 रुपए का शुल्क बढ़ेगा
पूरे दिन का शुल्क 240 रुपए
एक महीने कारे खड़ी करने का शुल्क
छोटी कार 2 हजार और बड़ी का 2400



**जबलपुर, नवभारत।** नगर में करोड़ों रुपए खर्च कर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पॉश इलाकों में मल्टीलेवल पार्किंग बनवाई गई थी। इनका उद्देश्य यही था कि लोग सड़क पर वाहन खड़ा न करें और जाम के हालात न बनें। परंतु गुजरते वक्त के साथ ये सुविधा अपने उद्देश्य से भटक गई है। हाल ये है कि अब ये मल्टीलेवल पार्किंग यहां के व्यापारियों और रोज आनेजाने वालों की पहली पसंद बन गई है। अब यहां कारों की स्थायी पार्किंग कराई जा रही है।

### आसपास के लोगों के आ रही काम

अब आलम यह हो चुका है कि इन मल्टीलेवल पार्किंग के आसपास रहने वाले आमजन दो हजार रुपये प्रतिमाह पार्किंग शुल्क देकर अपने वाहन खड़े करना पसंद कर रहे हैं। क्योंकि व्यस्तम क्षेत्रों में रहने वाले अधिकांश के घर या आस-पास इतनी जगह नहीं कि कारें खड़ी कर सकें। इसके लोगो ने मल्टीलेवल पार्किंग को चुना है। इसमें कारें खड़ी करना सुरक्षित तो है ही सस्ता भी पड़ता है।

### कंपनी निकाल रही अपनी राशि

सूत्रों की माने तो महीने भर कारें खड़ी करने के एवज में महज दो हजार रुपये ही देने पड़ते हैं संचालन कर रही कंपनी का खर्चा भी निकल रहा है। क्योंकि अब भी लोग घंटे दो-घंटे के लिए अपनी कारें मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ी नही करना चाह रहे हैं।

### सड़कें ही बेहतर उपाय

करोड़ों की मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के बाद भी आमजन नगर निगम कार्यालय के सामने, सिविक सेंटर चौपाटी के सामने, मानस भवन के चारों ओर बेधड़क लगा रहे है, जो जाम का प्रमुख कारण बनता है।

## चार तोला गोल्ड समेत चांदी, नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत रक्षा कर्मचारी कॉलोनी में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर चार तोला गोल्ड, चांदी के जेवरात, वॉच, नगदी पार कर दी। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने गया हुआ था। पुलिस के मुताबिक सौरभ बेनर्जी 55 वर्ष निवासी रक्षा कर्मचारी कालोनी रांझी ने सूचना दी कि वह अपने परिवार सहित काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने गया था बीती रात अपने घर वापस आया तो देखा मेन दरवाजे का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा सामान बिखरा पड़ा था आलमारी का ताला टूटा था जिसमें रखे सोने का नेकलेस वजनी 2 तोला, मोती का नेकलेस सोने का वजनी 1 तोला, अंगूठी 4, चैन वजनी 1 तोला, 1 लेडिज अंगूठी, 3 छोटी अंगूठी, चांदी की कटोरी, 2 सिक्के, चाबी का छल्ला, चांदी का मंगलसूत्र तीन स्मार्ट वॉच, नगद दो हजार गायब थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## जबलपुर में खुलेगा वैचारिक अध्ययन का नया केंद्र

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल्द करेंगे गीता भवन का उद्घाटन**

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी जबलपुर में नगर निगम की पहल से गीता भवन वैचारिक अध्ययन केंद्र तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल्द ही इसका भव्य उद्घाटन करेंगे। यह केंद्र केवल भवन नहीं, बल्कि आधुनिक अध्ययन और प्राचीन ज्ञान का संगम है, जहां धार्मिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक चेतना के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा।

गीता भवन युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर देगा और जबलपुर को ज्ञान, संस्कृति और वैचारिक चेतना का केंद्र बनाएगा।



### अध्ययन और पुस्तकालय की सुविधाएँ

गीता भवन में 30 बच्चों के लिए सर्वसुविधायुक्त वाचनालय और 25 कंप्यूटर के साथ ई-लायब्रेरी उपलब्ध है। यहां 5000 से अधिक पुस्तकें हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में धार्मिक, साहित्यिक, प्रेरक, वैज्ञानिक और प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित विषयों पर उपलब्ध हैं।

### सभागार और विचार मंथन कक्ष

केंद्र में 900 व्यक्तियों की क्षमता वाला वातानुकूलित ऑडिटोरियम है, जिसमें बड़े सम्मेलन और संवाद आयोजित किए जा सकते हैं। साथ ही विचार मंथन कक्ष और ऑनलाइन विद्वानों के साथ संवाद की सुविधा भी है।

### विशेष कक्ष और सुविधाएँ

रामायण कक्ष, गीता कक्ष, सर्वधर्म पुस्तक कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष और हेल्प डेस्क जैसी सुविधाएँ भी मौजूद हैं। इसके अलावा कैफेटेरिया, सीसीटीवी, पेयजल और लिफ्ट जैसी आधुनिक सुविधाएँ भी प्रदान की गई हैं।

## गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे, रासुका में गया जेल

▸ **फरारी के दौरान दहशतगर्दी फैलाई, निर्वस्त्र कर पिटाई के साथ की थी लूट-बमबाजी**

**जबलपुर।** फरारी के दौरान शहर में दहशतगर्दी फैलाते हुए लूट-बमबाजी और निर्वस्त्र कर पिटाई करने वाले गैंगस्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही एनएसए वारंट में भी उसकी गिरफ्तारी दर्ज की गई इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक गोरखपुर थाने में दर्ज चाकूबाजी, हत्या के प्रयास समेत एक अन्य अपराध में फरार निक्की ठाकुर 19 वर्षीय निवासी रामपुर मांडवा बस्ती का लंबे समय से फरार चल रहा था। इस दौरान उसने अपने साथी समीर श्रीवास, निक्की ठाकर, गुल्लु और दुर्गेश चौधरी अन्य के साथ अधारताल में प्रदीप साहू निवासी महाराजपुर के साथ विवाद करते हुए घर पर बमबाजी की थी। सुअर मार बम घर के बिजली के मीटर में लग गए थे और फूट गए थे। इसके अलावा सिविल लाइन थाना अंतर्गत इंद्रा मार्केट में कन्हैया चक्रवर्ती 18 वर्ष निवासी ग्राम चरगवां के साथ मारपीट कर उसकी बाइक लूटकर फरार हो गया था। 14 दिसम्बर को समीर, श्रीवास गुल्लू, दुर्गेश के साथ मिलकर निक्की ठाकुर ने एक युवक को निर्वस्त कर उसकी पिटाई की थी जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायर किया था। ये सभी वारदातें उसने फरारी के दौरान की थी। आरोपी को गोरखपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एनएसए वारंट में भी उसकी गिरफ्तारी दर्ज की गई। गुरूवार को उसे जेल भेज दिया गया।

### 19 की उम्र में 20 अपराध किए

सूत्रों के मुताबिक निक्की ठाकुर 19 वर्षीय निवासी रामपुर मांडवा बस्ती गोरखपुर का आपराधिक रिकॉर्ड है। निक्की और उसकी गैंग अधारताल से लेकर गोरखपुर, रांझी समेत अन्य थाना क्षेत्रों में सक्रिय है। निक्की पर हत्या के प्रयास, बमबाजी, लूट समेत अन्य अपराध दर्ज है। 19 साल की उम्र में वे 20 अपराध कर चुका है।

### गुर्गे भी पकड़ाए

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने निक्की के गुर्गे गुल्लू दुबे, एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दुर्गेश समीर फरार है जिनकी तलाश जारी है। पुलिस गैंग से जुड़े लोगों की भी सूचा बना रही है। इसके बाद मददगारों की भी जानकारी जुटा रही है।

## खुला नया रोजनामचा : कुंडम थाने में साल की सबसे पहली कायमी

**2025 की मारपीट, 2026 में अधारताल, मदनमहल, सिहोरा थाने ने दर्ज की एफआईआर**

**जबलपुर।** नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को पुलिस थानों में नया रोजनामचा खोला गया। नई डायरी में नए साल की सबसे पहली कायमी कुंडम थाने में रात्रि 12:42 बजे आबकारी एक्ट के तहत दर्ज हुई। जबकि दूसरी एफआईआर अधारताल थाने में पिछले साल 2025 में हुई मारपीट की एफआईआर नए साल में रात्रि 12:44 बजे हुई है। इसके अलावा मदनमहल, सिहोरा थाने में भी पिछले साल हुई मारपीट की कायमी नए साल में कायमी की गई है।

जानकारी के मुताबिक नए साल की पहली कार्रवाई करते हुए कुण्डम पुलिस ने ग्राम कस्तरा के पास घेराबंदी करते हुए देव सिंह बरकडे पिता नन्हे सिंह बरकडे 45 वर्ष निवासी ग्राम दामाद मोहल्ला कस्तरा को पकड़ा। जिसके कब्जे से कुप्पी में रखी करीब 12 लीटर कच्ची महुआ शराब रात्रि 12 बजे जप्त की हैं। वहीं अधारताल थाना क्षेत्र में कट मारने पर 31 दिसम्बर 2025 को रात्रि 10:30 बजे उपजे विवाद पर विजय मौर्य निवासी संजय नगर पावर हाउस के पास अधारताल के साथ कार सवार राहुल पाण्डेय एवं उसके तीन अन्य साथियों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मदनमहल महल कलारी में अधिवक्ता दीपक कुमार पटैल और उनके दोस्त अमित कोहली ने रात्रि 10:15 बजे एमआरपी ज्यादा रेट में बीयर बेचने का विरोध किया




इसके बाद आशीष शिवहरे, बंटी जायसवाल अन्य ने मारपीट की। फरसा से हमला किया। अधारताल और मदनमहल में हुई मारपीट की कायमी नए साल में हुई।

### तीन थानों में एक समय पर तीन कायमी

मदनमहल, सिहोरा, शहपुरा थाने में एक समय पर रात्रि 1:3 बजे तीन कायमी हुई। मदनमहल थाना क्षेत्र में अधिवक्ता, उनके दोस्त के साथ हुई मारपीट, सिहोरा में प्रेम चौधरी उर्फ कल्लू के साथ बुधवार रात्रि दस बजे उसके जीजा रईस चौधरी ने मारपीट कर बुआ, शीलाबाई, फूफा परनलाल, पवन के साथ भी मारपीट की। जिसकी भी कायमी का समय 1:3 बजे रहा है। इसके अलावा शहपुरा पुलिस ने पंडा बाबा मंदिर के पास वार्ड नं. 01 बिजली खंम्बा के नीचे जुआ खेल रहे पवित्र पटेल, विमलेश रैकवार, आदित्य सिंह, शुभम खटीक, बल्लू को पकड़ा। नगदी 1330 रूपये जब्त किए। जुआ एक्ट की कायमी रात्रि 1:3 बजे हुई।

### यहां कोलाहल, आबकारी, मारपीट से खुला खाता

कटंगी थाने में रात्रि 12:49 बजे, ओमती थाने में रात्रि 12:51 बजे, रांझी में रात्रि एक बजे, पनागर थाने में रात्रि 1:29 बजे, ग्वारीघाट थाने में रात्रि 2:33 बजे, गोसलपुर थाने में सुबह 8:43 बजे लार्डगंज थाने में रात्रि 1:55 बजे, गोहलपुर में रात्रि तीन बजे आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करने के साथ इन थानों के खाते खुले। इसके अलावा हनुमानताल थाने में रात्रि 1:5 बजे, घमापुर थाने में रात्रि 1:16 बजे, बरेला थाने में 2:36 बजे मारपीट की कायमी से शुरूआत हुई। इसके अलावा गुरूवार सुबह चार बजे तिलवारा थाने में पहली कायमी कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत हुई।

## 31 हजार किसानों से हुई 21 लाख क्विंटल धान खरीदी

▸ **किसानों को 316 करोड़ रूपये का भी हुआ भुगतान**

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में एक दिसम्बर से प्रारंभ हुए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के कार्य के तहत अभी तक 31 हजार 087 किसानों से 21 लाख 47 हजार 795 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है और 49 हजार 261 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये हैं। खरीदी गई धान का अभी तक 316 करोड़ 48 लाख रूपये का भुगतान भी किसानों को किया जा चुका है।



धान उपार्जन के लिए जिले में 89 खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने 55 हजार 091 किसानों द्वारा 88 हजार 858 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया गया है। जिले में इस वर्ष किसानों से 4 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। जिले में किसानों से 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जायेगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने पंजीकृत किसानों से धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय हेतु उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर को स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी।

## आगंनवाड़ी सहायिका पर श्वान का अटैक

**श्वान मालिक पर एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** बेलगाम थाना अंतर्गत खलासी लाईन गणेश चौक में श्वान ने आगंनवाड़ी सहायिका पर अटैक कर दिया। श्वान के हमले में महिला घायल हो गई। पुलिस ने श्वान मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक आयुषी चौरसिया निवासी खलासी लाईन गणेश चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे आगंनवाडी सहायिका के पद पर पुत्रीशाला खलासी लाईन में पदस्थ है। पड़ोस में रहने वाले गीतेश विनोदिया का पालतू कुत्ता उस पर झपट गया और उसके हाथ में काट लिया। जिससे उसे चोटें आ गई। गीतेश विनोदिया अपने पालतू कुत्ते को हमेशा खुला छोड़ देते है पूर्व में अनेक बार कुत्ते को बांध कर रखने को कहा गया लेकिन वे नहीं सुनते है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी श्वान मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## नए साल के पहले दिन 25 साल पुराने पेड़ का किया कत्ल

**स्थानीय जनों में भड़का आक्रोश कहा- बारात घर में अवैध निर्माण के चलते काटा गया**

**नवभारत, जबलपुर।** नए साल के पहले दिन गोपालबाग में करीब 25 साल पुराना नीम का पेड़ का कत्लेआम किया गया तो स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों में खासा आक्रोश उमड़ पड़ा। पेड़ के कटने के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सार्वजनिक तौर पर कहा कि गोपालबाग में स्थित महेश भवन बारात घर में अवैध निर्माण के चलते



ये कृत्य किया गया है। विदित हो कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि जब तक अति आवयश्क न हो जाए तब तक पेड़ को नहीं काटा जाए। बावजूद इसके पेड़ को काटा गया। स्थानीयजनों ने जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि बारात घर के संचालक के खिलाफ कार्रवाई करें क्योंकि नियम विरूद्ध तरीके से 25 साल पुराने नीम के पेड़ को सिर्फ अवैध अतिक्रमण के लिए हटाया गया है।

## चाकूबाजी का बदला लेने की थी मोनू की हत्या, चार गिरफ्तार

▸ **पुलिस ने निकाला जुलूस, तीन अब भी फरार**

**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सोमवार रात्रि मांडवा बस्ती रामपुर निवासी मोनू झारिया 18 वर्ष पर चाकू-बका से ताबड़तोड़ वार कर हत्या करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार लिया। जिसके बाद पुलिस उन्हें वहां ले गई जहां उन्होंने कत्ल की वारदात को अंजाम दिया था । आरोपियों को जुलूस निकालने के बाद उन्हें न्यायाल के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में यह बताया सामने आई मृतक ने पूर्व में आरोपी पर जानलेवा हमला किया था जिसका बदला लेने के लिए हत्या की साजिश रची थी। प्रकरण में तीन आरोपी अब भी फरार है जिनकी तलाश जारी है। अंधी हत्याकांड का खुलासा गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता ने किया।

उन्होंने बताया कि बीते रविवार की रात्रि मोनू झारिया कांचघर में आशीष बघेल की दुकान में मिलने गया था। दोनों बातचीत कर रहे थे तभी दो मुंह बांधे चार लड़के आए। जिनमें से दो चाकू, बका लिए थे। जिन्होंने अचानक मोनू पर चाकू, बका से




वार कर दिया था। हमले में कई जगह चोटें आ गई और वे खून से लथपथ होकर बेहोश होकर गिर गया था। इसके बाद चारों आरोपी भाग गए थे मोनू को इलाज के लिएविक्टोरिया ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसके बाद मिले सुराग के आधार पर आर्यन पिता स्व. विनोद कुचबंदिया 18 वर्ष निवासी कुचबंदिया मोहल्ला शीतलामाई, तुषार उर्फ रंगा उर्फ विरेन्द्र पिता ब्रजभान चौधरी 18 वर्ष निवासी कांचघर कुचबंदिया मोहल्ला घमापुर, नवीन पिता सलाम गौरी 20 वर्ष निवासी तेलमिल कुचबंदिया मोहल्ला, साहिल पिता मोहन चौधरी 20 वर्ष निवासी छोटा पाठबाबा कुचबंधिया मोहल्ला को पकड़ा गया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू, दो एक्सिस स्कूटी जप्त की गई हैं।

### दशहरा में हुए हमले का बदला लेने किया था कत्ल

सिविल लाइन थाना प्रभारी अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पाया गया कि आर्यन की मोनू झारिया से पूर्व से बुराई थी, आर्यन पर दशहरा के समय प्राणघातक हमला हुआ था जिस कारण से आर्यन मोनू झारिया व उसके साथियों से रंजिश रखे हुये था रंजिश के चलते आर्यन अपने साथ बॉबी राजपूत के साथ एक एक्सिस एवं तुषार उर्फरंगा, नवीन गौरी, साहिल ,वरूण कुचबंधिया, शुभम कुचबंधिया दो अन्य दुपहिया वाहन से मोनू के पास पहुंचे। आर्यन एवं बॉबी दोनो ने धारदार हथियार से मोनू पर हमला कर सभी वहॉ से भाग गये थे।

## मातम में बदली नए साल की खुशियां, युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत थापक मोहल्ला में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका हैं। वही इस घटना से नए साल की खुशियां मातम में बदल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि मेघराज चौधरी 45 वर्ष निवासी थापक मोहल्ला पाटन ने सूचना दी कि उसका छोटा भाई चंदू चौधरी 42 वर्ष को सुबह 10 बजे वह खाना देने के लिय घर गया, 1-2 बार आवाज लगाया जवाब न मिलने पर दरवाजा खोलकर देखा चंद फांसी पर लटका मिला।

### करंट से महिला की मौत

विजय नगर थाना अंतर्गत कछियाना मोहल्ला उखरी में रहने वाली महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हरछट पटेल 55 वर्ष निवासी कछियाना मोहल्ला उखरी ने सूचना दी कि उसकी बहू दीक्षा काछी 30 वर्ष गुरूवार को घर पर पानी गरम करने की राड से करंट लगने से बेहोश पड़ी थी जिस अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर बहू को लगभग 11 बजे मृत घोषित कर दिया।

## नववर्ष पर प्रशासन सतर्क, कलेक्टर-एसपी ने लिया जायज़ा

**शराब पीकर वाहन चलाने वाले 32 चालकों पर कार्रवाई**

**नवभारत, जबलपुर।** नववर्ष 2026 के स्वागत को सुरक्षित और खुशहाल बनाने के उद्देश्य से 31 दिसंबर की रात्रि जबलपुर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया और सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए।




शहर व देहात क्षेत्र में फिक्स पिकेट्स लगाकर ब्रीथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच की गई।

31 दिसंबर व 1 जनवरी की दरम्यानी रात शराब पीकर वाहन चलाने वाले 32 चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने संस्कारधानी वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## मंडी गेट के सामने मिली लाश

**जबलपुर।** विजय नगर थाना अंतर्गत कृषि उपज मंडी गेट के सामने एक बुजुर्ग की लाश पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जितेन्द्र यादव 31 वर्ष निवासी गेट नम्बर 4 कृषि उपज मंडी ने सूचना दी गुरूवार सुबह लगभग 6 बजे कृषि उपज मंडी गेट नम्बर 1 के सामने एक अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 60-65 वर्ष मृत अवस्था में पड़ा है। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

**भूमि पूजन** ▸ पीएम-उषा परियोजना के तहत मुख्यमंत्री आज करेंगे भूमि पूजन

## रादुविवि में बनेगी 7 .45 करोड़ मल्टी डिसिप्लिनरी, 2 .51 करोड़ का फार्मेसी भवन

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के अंतर्गत मल्टी डिसिप्लिनरी भवन और फार्मेसी भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026 को गीता भवन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भूमि पूजन करेंगे। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. राजेश कुमार वर्मा और प्रभारी कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी




उपस्थित रहेंगे। कुलगुरू डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह परियोजना विश्वविद्यालय में आधुनिक शिक्षा और सुविधाओं को बढ़ाने में सहायक होगी और छात्रों तथा शिक्षकों के लिए एक समर्पित शिक्षा वातावरण प्रदान करेगी।

### इतनी लागत से होगा निर्माण

मल्टी डिसिप्लिनरी भवन का निर्माण 7.45 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से किया जाएगा, जिसमें भूतल और दो मंजिलों पर 17 क्लासरूम बनाए जाएंगे, जो 1020 छात्रों के लिए होंगे। इसके अतिरिक्त भवन में स्टाफ रूम, कॉन्फ्रेंस रूम और लिफ्ट की सुविधा भी होगी। फार्मेसी भवन का निर्माण 2.51 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से भूतल पर होगा, जिसमें 5 लेबोरेटरी और 3 क्लासरूम होंगे, जो 180 छात्रों की सुविधा के अनुसार डिज़ाइन किए गए हैं। इसके अलावा पुराने क्लासरूम, टॉयलेट और रैंप का उन्नयन कार्य भी किया जाएगा। निर्माण कार्य एमपीबीडीसी एजेंसी द्वारा किया जाएगा। कुल अनुबंधित राशि 8.99 करोड़ रुपये है, जो स्वीकृत राशि से लगभग 20.31% कम है।